# झाँसी पुलिस

## प्रेस-नोट

## साइबर सेल, थाना-गुरसराय, जनपद झाँसी

**दिनांकः-14.11.2026**

**साइबर सेल, थाना गुरसराय पुलिस द्वारा साइबर ठगी के प्रकरण में कुल ₹1,03,000/- की धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराई गई।**

कृपया अवगत कराना है कि साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम एवं उनसे बचाव हेतु पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम, उत्तर प्रदेश, लखनऊ श्री विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार तथा पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में नोडल अधिकारी साइबर क्राइम जनपद झाँसी सुश्री असमा वकार के निकट पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों के पीड़ितों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

साइबर सेल थाना गुरसराय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए **1.** आयुष जैन के परिवारीजन के साथ हुए यूपीआई साइबर फ्रॉड की कुल धनराशि **₹1,03,000/-** की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी।

**कुल वापस कराई गई धनराशि – ₹1,03,000/-**

**बरामद कराने वाली टीम का विवरण –**

**1-उ0नि0 श्री मयंक मिश्रा थाना गुरसराय जिला झाँसी।**

**2- सूरज चौरसिया थाना गुरसराय जिला झाँसी।**

**3-म0का0 मानसी राजपूत थाना गुरसराय जिला झाँसी।**

**फ्रॉड होने पर तुरंत कार्रवाई करें।**

**1.** 1930 (Cyber Helpline) पर कॉल करें।

**2.** www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।

**3.** अपने बैंक को तुरंत सूचित करें।